उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक– 414 /चयन/ 17–2022/2022–23 दिनांक 25/05/ 2022

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–1/2011 फैजाबाद मण्डल में विज्ञापित वर्ग–02 की संस्था बापू बालिका इण्टर कालेज फैजाबाद के प्रथम वरिष्ठ अध्यापिका के रूप में अभ्यर्थी का साक्षात्कार दिनांक 03.02.2014 को बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया था। अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित नही हुई। उक्त संस्था का पैनल/परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 29.12.2021 को घोषित किया गया था लेकिन याचिका संख्या–3535/2012 मधुबाला कनौजिया के केस में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 22.06.2012 एवं अवमानना याचिका संख्या–60/2022 मधुबाला कनौजिया बनाम नवल किशोर, सचिव, उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयनबोर्ड व 02 अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 19.01.2022 के अनुपालन में उक्त संस्था का पैनल चयन बोर्ड के पत्रांकः 6905/चयन/17–2022/2021–22 दिनांक 04.02.2022 द्वारा स्थगित कर दिया गया।

याचिका संख्या–1016/2022 डॉ0 नीलम कुमारी एवं याचिका संख्या–3535/2012 मधुबाला कनौजिया के केस में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 01.04.2022 के अनुपालन में श्रीमती मधुबाला कनौजिया प्रथम वरिष्ठ का साक्षात्कार दिनांक 09.05.2022 को कराया गया। नियमावली में दी गयी व्यवस्था के अनुसार शैक्षिक अर्हता, अनुभव एवं साक्षात्कार के आधार पर याची की मेरिट 264.07476 संस्था कोड–1 बापू बालिका इण्टर कालेज फैजाबाद वर्ग–02 के साक्षात्कार में शामिल अभ्यर्थी डॉ0 श्रीमती नीलम कुमारी के मेरिट 338.87 से कम है। अतएव श्रीमती मधुबाला कनौजिया चयनित अभ्यर्थिनी की श्रेणी में नही आयेगी।

अतः चयन बोर्ड कार्यालय के पत्रांकः 6905/चयन/17–2022/2021–22 दिनांक 04.02.2022 द्वारा किया गया स्थगन समाप्त किया जाता है। विज्ञप्ति संख्या–6496/चयन/131–2021/2021–22 दिनांक 29.12.2021 द्वारा जारी संस्था कोड–1 बापू बालिका इण्टर कालेज फैजाबाद वर्ग–02 का पैनल यथावत रहेगा।

भवदीय

25-05-2022

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।